**भारत सरकार**

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3627**

**सोमवार, 15 जुलाई, 2019 / 24 आषाढ़ 1941 (शक)**

**ईएसआई अस्पताल**

**3627. श्री जी. सेल्वम:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) अस्पतालों हेतु तमिलनाडु सहित परियोजना, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधियां आंबटित की गई है/किए जाने की संभावना हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार तमिलनाडु में ईएसआई अस्पतालों का उन्नयन और आधुनिकीकरण करने का हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क): जी, हां। ईएसआई अस्पताल परियोजनाओं हेतु, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आबंटित की गई/आबंटित किए जाने की संभावना वाली निधियों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग): वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए परियोजना कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के अंतर्गत, ईएसआईसी ने अति आधुनिक चिकित्सा उपकरण, दवाइयों की खरीद तथा आयुष सेवाओं की स्थापना हेतु लगभग 253 करोड़ रुपये के आबंटन को स्वीकृति दी है ताकि तमिलनाडु में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पतालों का उन्नयन और आधुनिकीकरण किया जा सके।

*                    *******

**<u>अनुबंध</u>**

**'ईएसआई अस्पतालों' के संबंध में श्री जी.सेल्वम द्वारा पुछे गए दिनांक 15.07.2019 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3627 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

ईएसआई अस्पताल परियोजनाओं के लिए आबंटित की गई या आबंटन किए जाने की संभावना वाली निधियों का ब्यौरा

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | नाम और अस्पताल परियोजना का स्थान | आबंटित/आबंटन किए जाने की संभावना वाली निधियां (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 00.25 (राशि जारी की गई) ** |
| 2 | आंध्र प्रदेश | काकीनाडा में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | ** |
| 3 | असम | बेलटोला में 200 बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण | ** |
| 4 | बिहार | पटना के फुलवाडीशरीफ में 50 बिस्तर वाले ईएसआईसी मॉडल अस्पताल का निर्माण (100 बिस्तर में उन्नयन योग्य) | 60.50 (स्वीकृत लागत) |
| 5 | छत्तीसगढ़ | रायगढ़ में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 74.23 (स्वीकृत लागत) |
| 6 | छत्तीसगढ़ | भिलाई में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 103.00 (स्वीकृत लागत) |
| 7 | छत्तीसगढ़ | रायपुर में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 79.73 (स्वीकृत लागत) |
| 8 | छत्तीसगढ़ | कोरबा में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 56.31 (स्वीकृत लागत) |
| 9 | दिल्ली | नरेला में ईएसआईसी आयुष अस्पताल का निर्माण | 6.85 (राशि जारी की गई) ** |
| 10 | गुजरात | सूरत में 100 बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल, स्टाफ क्वार्टर्स और एसआरओ भवन का निर्माण | 59.17 (स्वीकृत लागत) |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | काला अंब में 30 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल (100 बिस्तर तक विस्तार योग्य) | ** |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | नाम और अस्पताल परियोजना का स्थान | आबंटित/आबंटन किए जाने की संभावना वाली निधियां (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 12 | हरियाणा | बहादुरगढ़ में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | ** |
| 13 | हरियाणा | बावल में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | ** |
| 14 | झारखंड | अदित्यपुर में 100 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल का नवीनीकरण और उन्नयन | 75.88 (स्वीकृत लागत) |
| 15 | झारखंड | रांची में 100 बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण | 71.80 (स्वीकृत लागत) |
| 16 | कर्नाटक | शिवमोगा में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | ** |
| 17 | कर्नाटक | डोड्डाबल्लापुर में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 8.00 (राशि जारी की गई) ** |
| 18 | कर्नाटक | बोम्मसंद्रा में 200 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | ** |
| 19 | कर्नाटक | देवणगेरे में 50 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल का 100 बिस्तर वाले में उन्नयन | 0.0066 (राशि जारी की गई) ** |
| 20 | कर्नाटक | हुबली में 50 बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण | 0.12 (राशि जारी की गई) ** |
| 21 | केरल | ईएसआई अस्पताल आश्रमम का कार्यक्षेत्र विस्तार | 0.03 (राशि जारी की गई) ** |
| 22 | मध्य प्रदेश | इंदौर में 300 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण | 0.25 (राशि जारी की गई) ** |
| 23 | महाराष्ट्र | पुणे के बिबवाड़ी में 200 बिस्तर वाले 500 बिस्तर तक उन्नयन योग्य ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण | 0.25 (राशि जारी की गई) ** |
| 24 | महाराष्ट्र | उल्हासनगर में 100 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण | 0.25 (राशि जारी की गई) ** |
| 25 | ओडिशा | 150 बिस्तर वाला ईएसआईसी एसएस अस्पताल, भुवनेश्वर | ** |
| 26 | ओडिशा | अंगुल में 100 बिस्तर वाला ईएसआई | 64.47 (स्वीकृत लागत) |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | नाम और अस्पताल परियोजना का स्थान | आबंटित/आबंटन किए जाने की संभावना वाली निधियां (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| | | अस्पताल | |
| 27 | राजस्थान | बीकानेर में 30 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल (100 बिस्तर में उन्नयन योग्य) | ** |
| 28 | राजस्थान | चित्तौड़गढ़ में 30 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल (100 बिस्तर में उन्नयन योग्य) | ** |
| 29 | राजस्थान | उदयपुर में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 80.10 (स्वीकृत लागत) |
| 30 | तमिलनाडु | तिरुपुर में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | ** |
| 31 | उत्तराखंड | हरिद्वार में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 0.25 (राशि जारी की गई) ** |
| 32 | उत्तराखंड | रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल। | 87.94 (स्वीकृत लागत) |
| 33 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी में 150 बिस्तर वाले अति विशेषज्ञ अस्पताल का निर्माण | 141.97 (स्वीकृत लागत) |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 50 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल बरेली का 100 बिस्तर में उन्नयन | 0.25 (राशि जारी की गई) ** |
| 35 | पश्चिम बंगाल | सिलीगुड़ी में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 59.47 (स्वीकृत लागत) |
| 36 | पश्चिम बंगाल | हल्दीया में 100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल | 57.17 (स्वीकृत लागत) |
| 37 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल में 50 विस्तार वाले ईएसआई अस्पताल का 100 बिस्तर में उन्नयन | 29.56 (स्वीकृत लागत) |
| 38 | पश्चिम बंगाल | ईएसआई अस्पताल दुर्गा पुर का अतिरिक्त 50 बिस्तरों के लिए कार्यक्षेत्र विस्तार | 28.61 (स्वीकृत लागत) |

** संकल्पना योजनाएं स्वीकृति प्रक्रिया के अधीन हैं, संकल्पना योजना को अंतिम रूप देने के बाद ही निधि आबंटन अभिनिर्धारित किया जाएगा।

*******